सार्क विकास निधि (SDF) क्षेत्रीय विकास बैंक बनने की राह पर

drishtiias.com/hindi/printpdf/saarc-development-fund-plans-tapping-financial-markets

चर्चा में क्यों?

सार्क के सदस्य देशों में परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिये स्थापित मुख्य वित्तीय संस्थान सार्क विकास निधि (SDF) स्वयं को पूर्ण अधिकारों से युक्त सार्क विकास बैंक के रूप में स्थापित करने से पूर्व अपने ऋण विभाग को मज़बूत करने और वित्तीय बाज़ार में स्वयं को स्थापित करने वाली परियोजना पर काम कर रही है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- सार्क विकास निधि की योजना खुद को निकट भविष्य में एक क्षेत्रीय बैंक के रूप में स्थापित करने की है।
- SDF ने अक्षय ऊर्जा, शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय कारोबार संबंधी परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिये बड़े अंतर्राष्ट्रीय ऋणदाताओं से वार्ता शुरू की है। इन ऋणदाताओं में चीन के नेतृत्व वाला AIIB (Asian Infrastructure Bank) भी शामिल है।

सार्क विकास निधि (SAARC Development Fund- SDF)

- इसका गठन दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के सदस्यों ने 2010 में किया था तथा इसका मुख्यालय थिम्पू (भूटान) में है।
- इसके प्रबंधन निकाय में सभी सार्क देशों के वित्त मंत्री शामिल हैं।
- SDF ने अब तक 12 विकास परियोजनाओं पर काम किया है। इनमें ज़्यादातर सामाजिक परियोजनाएँ हैं। लेकिन अब यह निकाय बुनियादी ढाँचा परियोजना पर भी काम करने की योजना बना रहा है।

आगे की राह

विश्व बैंक द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशिया क्षेत्र को मुख्य रूप से ऊर्जा, बिजली, परिवहन, दूरसंचार और पर्यावरण में बुनियादी ढाँचे के बीच अंतर को कम करने के लिये 1.7 ट्रिलियन डॉलर से 2.5 ट्रिलियन डॉलर तक निवेश करने की आवश्यकता है।